दिन– गुरुवार दिनांक– 13/11/2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 07:30 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. विधानसभा चुनाव की मतगणना कल सुबह आठ बजे से शुरू होगी। नौ बजे तक आने लगेंगे रूझान। देर शाम तक सभी परिणाम आने की सम्भावना।

02 शांतिपूर्ण मतगणना सम्पन्न कराने के लिए सुरक्षा के किये गये व्यापक प्रबंध। केन्द्रीय बलों की साठ कम्पनियां की गयी है तैनात।

03. उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी तथा विजय कुमार सिन्हा और नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव समेत दो हजार छह सौ सोलह प्रत्याशियों की चुनावी किस्मत का होगा फैसला।

04. और, सोशल मीडिया पर एक भड़काऊ बयान देने के मामले में राजद के विधान पार्षद सुनील कुमार सिंह के खिलाफ पटना साईबर थाने में प्राथमिकी दर्ज करायी गयी।

---

विधानसभा चुनाव की कल होने वाली मतगणना की सभी तैयारियां पूरी कर ली गयी हैं। दो सौ तैंतालीस विधानसभा क्षेत्रों के लिए छियालीस केन्द्रों पर मतगणना सुबह आठ बजे से शुरू होगी। वोटों की गिनती शुरू होने के एक घंटे बाद ही रूझान सामने आने लगेंगे। सबसे पहले मोकामा और शेखपुरा विधानसभा क्षेत्र का परिणाम आने की सम्भावना है। अंतिम चुनाव परिणाम देर शाम तक आ जायेगा। एक रिपोर्ट–

–––रिपोर्ट–––

सबसे पहले पोस्टल बैलेट की गिनती शुरू होगी। वहीं, सुबह आठ बजकर तीस मिनट से ईवीएम के वोटों की गिनती शुरू होगी। चुनाव आयोग के नये प्रावधान के अनुसार अंतिम दो चरणों की गिनती से पहले पोस्टल बैलेट की गिनती की प्रक्रिया पूरी कर ली जायेगी। हर मतगणना हॉल में चौदह टेबल पर ईवीएम के वोटों की गिनती की जायेगी। प्रत्येक टेबल पर एक मतगणना सुपरवाईजर, एक मतगणना सहायक और एक माईक्रो प्रेक्षक होंगे। सभी उम्मीदवार टेबल की संख्या के आधार पर काउंटिंग एजेंट की नियुक्ति कर सकते हैं। हरेक विधानसभा क्षेत्र के लिए एक–एक मतगणना प्रेक्षक और एक–एक रिटर्निंग ऑफिसर की प्रतिनियुक्ति की गयी है। आकाशवाणी समाचार के लिए पटना से अभिषेक दास।

इधर, आकाशवाणी समाचार से बातचीत में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी विनोद सिंह गुंजियाल ने बताया कि कल स्ट्रांग रूम को प्रत्याशियों या उनके एजेंटों और केन्द्रीय प्रेक्षकों की उपस्थिति में वीडियाग्राफी कराते हुये खोला जायेगा। श्री गुंजियाल ने बताया कि विधानसभा क्षेत्रों में चुनाव के लिए तैनात पर्यवेक्षक भी मतगणना प्रक्रिया की निगरानी के लिए केंद्रों पर मौजूद रहेंगे।

–––बाईट–––

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर सभी केंद्रों पर मीडियाकर्मियों की सुविधा के लिए अलग से मीडिया सेंटर बनाया गया है, जहां उन्हें अद्यतन जानकारी उपलब्ध कराई जायेगी।

---

मतगणना का परिणाम चुनाव आयोग की वेबसाईट और बिहार के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी की वेबसाईट पर देखा जा सकता है। परिणाम चुनाव आयोग की वेबसाईट रिजल्ट्स डॉट ईसीआई डॉट जीओवी डॉट इन पर और बिहार के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के वेबसाईट सीईओ इलेक्शन डॉट बिहार डॉट जीओवी डॉट इन पर उपलब्ध रहेगा। परिणाम को चुनाव आयोग के वोटर हेल्पलाईन एप के माध्यम से भी लाइव देखा जा सकेगा।

---

सभी मतगणना केंद्रों पर सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए हैं। मतगणना केन्द्रों की सुरक्षा में केन्द्रीय बलों की साठ कम्पनियों की तैनाती की गयी है। केन्द्र के अंदरूनी भाग में मुख्य द्वार से लेकर काउंटिंग टेबल तक अर्द्ध सैनिक बल तैनात रहेंगे। वहीं, बाहरी परिसर की सुरक्षा और विधि व्यवस्था की जिम्मेदारी बिहार सशस्त्र पुलिस बल और जिला पुलिस के जिम्मे रहेगी। मतगणना केन्द्र के आस–पास दो सौ मीटर के दायरे में भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा एक सौ तिरेसठ के तहत निषेधाज्ञा लागू रहेगी। पुलिस महानिदेशक विनय कुमार ने बताया कि मतगणना के दिन राजनीतिक तनाव की आशंका को देखते हुये सभी जिलों में सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी गयी है। असामाजिक तत्वों और सोशल मीडिया पर कड़ी नजर रखी जा रही है। उन्होंने बताया कि विजय प्रमाण पत्र मिलने के बाद प्रत्याशियों के जुलूस निकालने पर रोक लगा दी गई है।

———बाईट———

---

वोटों की गिनती के बाद दो सौ अट्ठावन महिला समेत दो हजार छह सौ सोलह प्रत्याशियों की चुनावी किस्मत का फैसला होगा। उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी तथा विजय कुमार सिन्हा और विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव समेत कई दिग्गज चुनावी मुकाबले में हैं। एक रिपोर्ट–

———बाईट———

चुनाव में नीतीश मंत्रिमंडल के उनतीस मंत्रियों की राजनीतिक प्रतिष्ठा दांव पर है। इनमें से भाजपा कोटे के सत्रह और जदयू कोटे के बारह मंत्री शामिल हैं। वहीं, कई राजनीतिक दलों के प्रमुखों के भी भाग्य का फैसला

होना है। जदयू के प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा, कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार, लोक जनशक्ति पार्टी, रामविलास के प्रदेश अध्यक्ष राजू तिवारी, हिन्दुस्तानी अवाम मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष अनिल कुमार, राष्ट्रीय लोक मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष मदन चौधरी और एआईएमआईएम के प्रदेश अध्यक्ष अख्तरूल इमान के राजनीतिक भाग्य का फैसला कल हो जायेगा। इसके अलावा जन शक्ति जनता दल के अध्यक्ष तेज प्रताप यादव, इंडियन इंक्लूसिव पार्टी के अध्यक्ष आई0पी0 गुप्ता और द प्लूरल्स पार्टी की अध्यक्ष पुष्पम प्रिया चौधरी की भी राजनीतिक किस्मत दांव पर लगी है। दीपेन्द्र कुमार आकाशवाणी समाचार पटना।

इसले अलावा जिन प्रत्याशियों के चुनाव परिणामों पर नजर रहेगी उसमें पूर्व विधानसभा अध्यक्ष उदय नारायण चौधरी सिकंदरा से, अवध बिहारी चौधरी सीवान से और पूर्व उप मुख्यमंत्री तारकिशोर प्रसाद कटिहार से शामिल हैं। साथ ही मोकामा से जदयू के अनंत सिंह, छपरा से राजद के खेसारी लाल यादव और अलीनगर से भाजपा की मैथिली ठाकुर के चुनाव परिणाम पर भी लोगों की निगाहें टिकी रहेंगी।

---

विधानसभा चुनाव में मुख्य मुकाबला एनडीए और महागठबंधन उम्मीदवारों के बीच माना जा रहा है। एक रिपोर्ट–

–––रिपोर्ट–––

विधानसभा चुनाव में एनडीए की ओर से भाजपा और जदयू दोनों एक सौ एक– एक सौ एक सीटों पर चुनावी मुकाबले में है। वहीं, लोक जनशक्ति पार्टी, रामविलास के अट्ठाईस, राष्ट्रीय लोक मोर्चा के छह और हिन्दुस्तानी अवाम मोर्चा के छह उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। वहीं, महागठबंधन की ओर से सबसे अधिक एक सौ तैंतालीस उम्मीदवार की चुनावी किस्मत दांव पर है। कांग्रेस के साठ, भाकपा–माले के बीस और विकासशील इंसान पार्टी के बारह उम्मीदवार चुनावी मैदान में हैं। इसके अलावा सीपीआई के नौ, सीपीएम के चार और इंडियन इंक्लूसिव पार्टी के तीन उम्मीदवार खड़े हैं। बारह ऐसी सीटें हैं, जहां महागठबंधन के घटक दल ही एक दूसरे को चुनौती दे रहे हैं। राजापाकर, बछवाड़ा, बिहारशरीफ और करगहर सीट पर कांग्रेस और सीपीआई के उम्मीदवार आमने–सामने है। वहीं, बेलदौर सीट पर कांग्रेस और आईआईपी के उम्मीदवार एक दूसरे को चुनौती दे रहे हैं। पांच सीटों वैशाली, नरकटियागंज, कहलगांव, सुल्तानगंज और सिकंदरा में राजद और कांग्रेस आमने–सामने हैं। इसके अलावा गौराबौराम और चैनपुर सीट पर राजद और वीआईपी के उम्मीदवार एक दूसरे को चुनौती दे रहे हैं। आनंद कुमार आकाशवाणी समाचार पटना।

---

पिछले विधानसभा चुनाव में एनडीए को निर्णायक बहुमत मिला था। एनडीए ने एक सौ पच्चीस सीटें जीतकर सत्ता में वापसी की थी। भाजपा ने चौहत्तर और जदयू ने तैंतालीस  सीटों पर जीत दर्ज की थी। हिन्दुस्तानी अवाम मोर्चा ने चार सीटें जीती थी। एनडीए के तत्तकालीन घटक दल विकासशील इंसान पार्टी को चार सीटों पर जीत मिली थी। वहीं, महागठबंधन ने एक सौ दस  सीटों पर जीत हासिल की थी। राजद को पचहत्तर, कांग्रेस को उन्नीस, भाकपा माले को बारह, सीपीआई को दो और सीपीएम को दो सीटों पर जीत मिली थी। वहीं, एआईएमआईएम ने पांच, बहुजन समाज पार्टी और लोक जनशक्ति पार्टी के खाते में एक–एक सीट गई थी।

---

विधानसभा चुनावों में अधिकांश एग्जिट पोल में एनडीए को बढ़त मिलने का अनुमान लगाया गया है। कई निजी समाचार चैनलों और एजेंसियों के सर्वेक्षणों में अनुमान व्यक्त किया गया है कि एनडीए गठबंधन बिहार विधानसभा में बहुमत का आंकड़ा पार कर जाएगा। सर्वेक्षणों के अनुसार एनडीए को लगभग एक सौ तीस से एक सौ अड़तीस सीटें मिलने की उम्मीद है, जबकि महागठबंधन को लगभग सौ से एक सै आठ सीटें मिल सकती हैं। जन सुराज पार्टी और अन्य छोटे दलों को शून्य से पांच सीटें मिलने का अनुमान है।

---

राजद के विधान पार्षद सुनील कुमार सिंह के खिलाफ पटना के साईबर थाने में प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है। उन्होंने मतगणना को लेकर सोशल मीडिया पर एक भड़काऊ बयान दिया था, जिसके बाद चुनाव आयोग के निर्देश पर प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है।

---

चेनारी विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के निर्वाची पदाधिकारी ललित भूषण रंजन को मतगणना समेत सभी निर्वाचन कार्यों से अलग कर दिया गया है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी विनोद सिंह गुंजियाल ने इस संबंध में आदेश जारी किया है।

---

केन्द्र सरकार ने सोशल मीडिया पर चल रही उस खबर का खंडन किया है जिसमें कहा गया है कि केंद्र ने वित्त अधिनियम– दो हजार पच्चीस के अंतर्गत सेवानिवृत्त कर्मचारियों के लिए महंगाई भत्ता में वृद्धि और वेतन आयोग संशोधन जैसे सेवानिवृत्ति के बाद के लाभ वापस ले लिए हैं। प्रेस सूचना ब्यूरो – पीआईबी की तथ्य जाँच इकाई ने बताया कि सरकार ने सेवानिवृत्त कर्मचारियों के लिए ऐसे किसी भी बदलाव की घोषणा नहीं की है। इसने लोगों से ऐसी खबरों पर ध्यान न देने और किसी भी जानकारी पर विश्वास करने तथा उसे साझा करने से पहले उसकी पुष्टि करने का आग्रह किया है।

---

प्रदेश में सुबह और शाम के समय ठंड का एहसास बढ़ गया है। कई स्थानों पर सुबह के समय हल्का कोहरा भी छाया रहा। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार अधिकांश स्थानों का न्यूनतम तापमान पन्द्रह डिग्री सल्सियस से नीचे दर्ज किया गया जबकि औसत अधिकतम तापमान तीस डिग्री सेल्सियस के आस–पास बना

रहा। मौसम पूर्वानुमान में कहा गया है कि अगले दो से तीन दिनों के दौरान अधिकतम और न्यूनतम तापमान में किसी विशेष परिवर्तन की सम्भावना नहीं है।

---

बक्सर का प्रसिद्ध पंचकोसी परिक्रमा मेला आज संपन्न हो गया। चरित्रवन के विश्वामित्र आश्रम में लिट्टी चोखा का प्रसाद खाकर श्रद्धालुओं ने विधिवत इस मेले का समापन किया। इस अवसर पर किला मैदान से लेकर चरित्रवन तक धुएं से पूरा क्षेत्र आच्छादित हो गया। बक्सर के चरित्रवन का संबंध ऋषि विश्वामित्र से माना जाता है। इसलिए बक्सर को भगवान श्री राम की शिक्षा स्थली के रूप में भी जाना जाता है। लाखों की संख्या में लोगों ने समापन कार्यक्रम में भाग लिया।

---

पटना के अथमलगोला थाना क्षेत्र के गंजपर गांव में शराब तस्करों के खिलाफ कार्रवाई करने पहुंची मद्य निषेध विभाग की टीम पर असामाजिक तत्वों ने हमला कर दिया। इस हमले में तीन महिला पुलिस कर्मी सहित चार पुलिसकर्मी घायल हो गये। हमले के दौरान असामाजिक तत्वों ने दो शराबियों को भी छुड़ा लिया। इस मामले में स्थानीय थाने में प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है।

---

अररिया जिले के पलासी थाना क्षेत्र के बेलसरी गांव में करंट की चपेट में आने से एक किशोर की मौत हो गई।

---

मधुबनी जिले के खजौली थाना क्षेत्र के महुआ गांव में दो गुटों के बीच हुई हिंसक झड़प में एक व्यक्ति की गोली लगने से मौत हो गयी। इस मामले में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है जबकि अन्य दो आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर..........

01. विधानसभा चुनाव की मतगणना कल सुबह आठ बजे से शुरू होगी। नौ बजे तक आने लगेंगे रूझान। देर शाम तक सभी परिणाम आने की सम्भावना।

02 शांतिपूर्ण मतगणना सम्पन्न कराने के लिए सुरक्षा के किये गये व्यापक प्रबंध। केन्द्रीय बलों की साठ कम्पनियां की गयी है तैनात।

03. उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी तथा विजय कुमार सिन्हा और नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव समेत दो हजार छह सौ सोलह प्रत्याशियों की चुनावी किस्मत का होगा फैसला।

04. और, सोशल मीडिया पर एक भड़काऊ बयान देने के मामले में राजद के विधान पार्षद सुनील कुमार सिंह के खिलाफ पटना साईबर थाने में प्राथमिकी दर्ज करायी गयी।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन प्रातः आठ बजकर अड़तालीस मिनट से प्रसारित किया जाएगा।